तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 13 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 दोपहिया वाहन पर 3 सवारी न बैठाएं





10 महिला समूहों का साढ़े 9 लाख अटका रोजी-रोटी...




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के प्रति लोग हो रहे है जागरूक

**थानखम्हरिया।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रति दिवस सुबह 5 बजे सफाई व्यवस्था, बिजली पानी, भवन निर्माण आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियो एवं स्वच्छता दीदियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर के सभी चौक चौराहों, सार्वजनिक /सामुदायिक शौचालय, तालाबों को साफ करने व रखने का आदेश दिए। नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, जिससे आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में थानखम्हरिया को नंबर 1 बनाया जा सके।

### आरक्षण के बाद नगर पंचायत में चुनावी सरगर्मी हो गई तेज

**परपोड़ी।** नगर पंचायत में अध्यक्षों के लिए आरक्षण के पश्चात चुनाव की सरगर्मी काफी तेज हो गई है। सभी नेता मतदाता को मूलभूत सुविधा को बेहतर करने के वादे के साथ चुनावी समर में उतरने वाले है। राज्य में भाजपा के सत्तारूढ़ होने से नगर पंचायत के अध्यक्ष की दावेदारी में भाजपा काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। साजा विधानसभा में भाजपा के विधायक होने से पार्टी की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। दूसरी ओर कांग्रेस की बात की जाए तो राज्य के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे की रणनीति से कांग्रेस में महत्व रखेगी। नगर पंचायत आशय के चुनाव मुद्दे भी मतदाता को काफी प्रभावित करेंगे। अध्यक्ष का चुनाव चाहे कोई भी लड़े उनके पीछे दिग्गज नेताओं की रणनीति ही काम करेगी। परपोड़ी की सियासी फिजा धीरे-धीरे चुनावी रंग में रंग की नजर आ रही है। नगर पंचायत में मुद्दों की बात की जाए तो दोनों ही दल मूलभूत सुविधा लोगों को दिलाने का दावा कर रहे हैं। जिसमें अच्छी सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, चौके चौराहों की सफाई, शामिल है। नगर में पूर्व से निर्मित 78 दुकानों को आवंटन का काफी बड़ा मुद्दा है जो मतदाता को प्रभावित करेगा। नगर के राज्य मार्ग में स्थित तालाब व धौराभाठा के शीतला तालाब सौंदर्यकरण प्रमुख मुद्दा है।

### मड़ई देखने गए युवक की बाइक चोरी

**बालोद।** मालीघोरी मंडाई देखने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक ग्राम घुमका से बाईक में मालीघोरी मंडई गया था। मामले में बालोद थाने में प्रार्थी की रिपोर्ट पर रविवार को अज्ञात चोर के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र उदित नारायण सिन्हा ने बताया कि शनिवार को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एडी 0102 को लेकर मालीघोरी मण्डाई देखने गया था, खपरी चौक के पास शाम करीबन 05.30 बजे मोटर सायकल को लाक करके खड़ी किया था।

## आधी रात एसपी रामकृष्ण नवागढ़ थाना व मारो, संबलपुर चौकी पहुंचे

### ड्यूटी पर मुस्तैद रहे पुलिस अधिकारी व जवानों को नकद इनाम से किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

एसपी रामकृष्ण साहू औचक रूप से आधी रात थाना नवागढ़ एवं चौकी मारो,संबलपुर पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर मुस्तैद रहे पुलिस अधिकारी व जवानों को नकद इनाम से पुरस्कृत किया ओर हमेशा सतर्क व सुरक्षित डयूटी करने की हौसला अफजाई की। एसपी ने रात में पेट्रोलिंग,काम्बिग गस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रात्रि में ढाबा, होटलो में चेकिंग कर अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर जोर दिया। सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश में उन्होंने कहा रात्रि में किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तत्काल रिस्पांस दें। चोरी जैसी कोई घटना न हो इसलिए सतर्कता से सचेत होकर गस्त करें, ताकि जनता का विश्वास कानून व्यवस्था पर बरकरार रहे।

- घटना घटित होने पर तत्काल रिस्पांस दें पुलिस कर्मी

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान थाना नवागढ़ प्रभारी उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, चौकी संबलपुर से प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, आरक्षक मनोज यादव, चौकी मारो चेतन वैष्णव, थाना नवागढ आरक्षक सतीश वर्मा, मेलाराम यादव एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




## उपलब्धि : प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों की टीम ने लिया भाग

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में जेवरा स्कूल के खिलाड़ियों वाली टीम ने जीता रजत पदक

### खिलाड़ी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में बनाई थी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जलगांव महाराष्ट्र में हुई राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा 5 से 9 जनवरी तक आयोजित की गई। सॉफ्टबॉल अंडर 17 बालक बालिका वर्ग में भी आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। जिले की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के खिलाड़ी छात्राओं ने भी भाग लिया।

संस्था के व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा ने बताया क्री इस प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों क्री टीम ने भाग लिया जिसमे छत्तीसगढ़ क्री बालक वर्ग टीम ने लीग के मैचों मे क्रमशः तमिलनाडु को 10-00, पांडिचेरी को 10-00,मणिपुर को 10-00 से हराया। क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश क्री टीम को 05 -00 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल में दिल्ली क्री टीम को रोमांचक मैच में 05-03 हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच मेजबान महाराष्ट्र के साथ हुआ। फाइनल में 02-01 के अन्तर पराजित होकर छत्तीसगढ़ क्री टीम ने रजत पदक जीता।




बालिका वर्ग की टीम ने भी लीग मैच मे क्रमशः बिहार व जम्मू कश्मीर को तथा प्री क्वार्टर फाइनल मे मध्यप्रदेश को हराया किंतु क्वार्टर फाइनल में दिल्ली क्री टीम से 04-03 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। पूरी प्रतियोगिता में शाउमावि जेवरा के मयंक निषाद,मयंक लहरे,संदीप पटेल,देव पाटिल, भोली साहू,पल्लवी साहू,काजल कुमारी तथा शासकीय हाईस्कूल जिया की सुकृति निषाद ने शानदार प्रदर्शन किया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन से हर्ष

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर हर्ष व्यक्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला शिक्षा अधिकारी के के बंजारे, ग्राम जेवरा की सरपंच संध्या सिंग,संस्था के प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, प्रधान पाठक विनोद चौहान समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, शा हाई स्कूल जिया के प्राचार्य राजकुमार टण्डन,व्याख्याता नीतासाहू, पुष्करभोंसले,संतोषसाहू,रश्मिअग्रवाल,दीपशिखा माने,शाहिना सिन्हा,योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, सुजाता पटेल, ज्योति देवांगन, प्रमोद जानी उद्धव साहू,रौशनी गुप्ता, घनश्याम डनसेना, चिकेंद्र साहू,कविता शर्मा नोवेन्द्र साहू,प्रिंस सिंग आदि ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# महिलाओं से धोखाधड़ी से जुड़े मामलों पर तत्काल कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य के कलेक्टरों को महिलाओं से धोखाधड़ी से जुड़े मामलों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा जारी परिपत्र में फ्लोरा मैक्स, सप्तऋषि संस्थान जैसे संस्थानों द्वारा माइक्रो फाइनेंस/लोन दिलाने के बहाने महिलाओं और स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से ठगी के मामलों का उल्लेख किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया कि यह घटनाएं कोरबा, बालोद सहित कई जिलों में सामने आई हैं।

परिपत्र में संबंधित जिलों से इन मामलों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें प्रभावित महिलाओं की संख्या, जांच की प्रगति, दर्ज एफआईआर, और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी देने के लिए कहा गया है। जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल ने कहा कि इस संबंध में किसी को भी जानकारी देनी हो या शिकायत दर्ज करानी हो, तो जिला पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी प्रभावित महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी शिकायतें दर्ज कराएं ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। वहीं, शासन ने जिलों को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### विशेष निर्देश और कार्ययोजना की मांग

यदि यह धोखाधड़ी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के वित्तीय समावेशन शाखा के तहत चक्रिय निधि, सामुदायिक निवेश निधि, बैंक लिंकेज आदि से जुड़ी पाई जाती है, तो उसका उल्लेख भी अनिवार्य है। साथ ही, यदि इस मामले में किसी अधिकारी, कर्मचारी, या कैडर की संलिप्तता पाई जाती है, तो उस पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी गई है। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने और उसे तत्काल रिपोर्ट में शामिल करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

जिला लोधी समाज बेमेतरा के साजा सर्किल के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरी में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का मूर्ती अनावरण का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

चुकी लोधी समाज बेमेतरा जिला में बहुसंख्यक समाज के रूप में निवासरत है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की रानी अवंती बाई ने 1857 में अग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुती दी थी। उनके बलिदान के कारण ही हम और आप खुले में सास ले रहे हैं। ऐसे वीर बलिदानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी को मै प्रणाम करता हूं।



सभा को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव खैरागढ़ कोमल जघेल ने भी संबोधित किया। अध्यक्षी उद्बोधन देते हुए जिला लोधी समाज अध्यक्ष लोधी गोवेंद्र पटेल ने भारी संख्या में पहुंचे सामाजिक लोगों से कहा की सामाजिक एकता का परिचय जो ग्राम खैरी के लोगों ने आज दिया है ओ प्रशंसनीय है पूरे गांव ने मूर्ति स्थापना के लिए एकत्रीत होकर सहयोग किया है। जिला पंचायत सभापति गोवेंद्र पटेल द्वारा अपने मूर्ती के चबूतरा निर्माण के लिए 1 लाख रुपए अपने जिला पंचायत निधि से दिया। कार्यक्रम में जिला लोधी समाज के महामंत्री द्वारिका लिलरीया, जिला उपाध्यक्ष ओंकार बघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष रामराज वर्मा, पिछड़ा आयोग सदस्य ईश्वर पटेल, सोनू सर्किल अध्यक्ष कमल नारायण वर्मा, परपोड़ी मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा,थान खम्हारिया मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, मुनेश पटेल, पहलाद पटेल, सोनू पटेल, तुलेश पटेल, सोनू वर्मा, जीवन वर्मा, डोमार वर्मा, दिलीप जांघेल, दोगेन्द्र वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, लोकेश वर्मा, उत्तम जघेल, इन्द्रमन जघेल, महेश जघेल, मनोज वर्मा, अनुज वर्मा, परमानंद यदु, हरकचंद जैन, हनुमंत साहू, हेमंत कौशल, बेदराम पटेल, जोगु पटेल, योगी पटेल और भी भारी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# जर्दायुक्त गुटखा पाउच पर प्रतिबंध को ठेंगा, खुलेआम बिक्री पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जर्दायुक्त गुटखा पाऊच पर शासन ने प्रतिबंध लगाया है। आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने वाला महकमा खुश तो है, लेकिन हकीकत में गुटखा की बिक्री बिलकुल भी बंद नहीं हुआ है। नगर सहित गांवों में धड़ल्ले से प्रतिबंधित गुटखा पाऊच बिक रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग जानकर भी अनदेखी कर रहा है। अफसरों के मौन को दुकानदार अघोषित स्वीकृति मान रहे हैं। शहर के कई दुकानों में दुकानदार पहले चोरी-छिपे गुटका पाउच बेच रहे थे। परंतु विभागीय अनदेखी से उनके हौसले बुलंद हो गए, जिसके चलते अब खुलेआम बेच रहे है। क्योंकि जर्दायुक्त गुटखा में प्रतिबंध होने के बाद से दुकानदारों का मुनाफा बढ़ चुका है। 2 रुपए का गुटखा पाऊच अब 5 रुपए मूल्य में बेच रहे हैं। बहरहाल गुटखा प्रतिबंधित होने के साथ साथ मूल्य में बढ़ोत्तरी होने के बाद भी न खाने वालों ने बंद किया और न ही बनाने वालों ने। गुटखा निर्माताओं की ऊंची पहुंच होने के चलते यह आसानी से नगर के दुकानों में पहुंच रहा है ओर संबंधित विभाग के अधिकारी भी मूकदर्शक बने हुए है। तभी तो प्रतिबंध के बाद भी व्यापार चल रहा है।

- जिम्मेदार अफसरों के मौन को दुकानदार मान रहे अघोषित स्वीकृति



## जिले में 14 हजार से अधिक बालिकाओं का योजना अन्तर्गत खाता खोला गया

# महतारी वंदन से प्राप्त राशि का उपयोग, माताएं अपने बच्चियों के लिए जमा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सुरक्षित निवेश योजना है। इस योजना के अंतर्गत, माता-पिता या अभिभावक अपनी बेटी के नाम से एक खाता खोल सकते हैं, जिसमें वे नियमित रूप से धनराशि जमा कर सकते हैं। यह योजना न केवल आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि उच्च ब्याज दर और कर लाभ भी प्रदान करती है।

पिछले माह बेमेतरा जिले के नवागढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन पर महिला बाल विकास के स्टॉल का अवलोकन के दौरान बच्ची तनवी ने मुख्यमंत्री को गुलाब का फूल से स्वागत किया और केक काट कर खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्ची को दुलार किया। भारतीय डाक विभाग ने जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की जा रही हैं और खाते खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। इसके अलावा, योजना के तहत जमा राशि पर मिलने वाले ब्याज और कर लाभ की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। शिविर का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। शिविर में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है ताकि समाज में बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाया जा सके।




### न्यूनतम 250 रुपए कर सकते हैं जमा

योजना अन्तर्गत वर्तमान में 8.2% प्रति वर्ष की उच्च ब्याज दर देय है तथा 80 सी के तहत कर मुक्त है। योजना अन्तर्गत न्यूनतम जमा राशि 250 रुपए अधिकतम जमा राशि 1,50,000 रुपए प्रति वर्ष जमा कर सकते है। इस योजना के माध्यम से हम बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने और उनके सपनों को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। आज ही सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करें और अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित बनाए। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा एवं अपने निकटतम डाकघर से सम्पर्क करें।

### माता-पिता वित्तीय चिंता से होंगे मुक्त

इस योजना के माध्यम से, बेमेतरा जिले की बेटियों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकेगा और उनके माता-पिता को वित्तीय चिंता से मुक्त किया जा सकेगा। सुकन्या समृद्धि योजना एक महत्वपूर्ण पहल है जो बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के लिए एक अनूठा और आकर्षक बचत योजना है। इस योजना का उद्देश्य बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाना है, खासकर उनकी शिक्षा और विवाह के लिए। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने शिविर की अनूठी पहल की है। विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसंबर 2024 तक 10 वर्ष उम्र तक के पात्र 14448 बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अन्तर्गत खाता खोला गया एवं बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया साथ ही महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग माताएं अपने बच्ची के सुरक्षित भविष्य के लिए भी खाता खुल वा रही है। ताकि उनके बच्ची की शिक्षा,स्वास्थ्य और पोषण में काम आए।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर खारुन गंगा महाआरती 14 को

**रायपुर।** वाराणसी एवं प्रयागराज की तर्ज पर खारुन गंगा महाआरती का आयोजन राजधानी रायपुर के महादेवघाट तट पर लगातार होता आ रहा है। पर्व विशेष पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस बार 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है। खारुन गंगा महाआरती के संस्थापक एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर एवं खारुन गंगा महाआरती प्रमुख आचार्य धीरज शास्त्री ने बताया कि वैसे तो हर पूर्णिमा पर यह आरती होती है, पर इस बार महापर्व के रूप में मकर संक्रांति के दिन यह बड़े ही भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। 11 विद्वतजन ब्राह्मणों द्वारा महाआरती विधि-विधान से की जाएगी, इसमें अन्य लोग भी सहभागी बनेंगे। इसके बाद धार्मिक भजन संध्या में लल्लू भैया की प्रस्तुति होगी। पूरे आयोजन को भव्य रूप देने ऋषभ सिंह ठाकुर, सूर्या वर्मा, कायम सिंह, सुनील सिंह (बबलू), पप्पू सिंह, अखिलेश सिंह, प्रभात सिंह, प्रिया सिंह व पूरी टीम जुटी हुई है।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में दीक्षांत समारोह



**रायपुर।** इंडियन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली के तत्वावधान में 57वां दीक्षांत समारोह राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज कैम्पस हांडीपारा में शुक्रवार को हुआ। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के पितामह डॉ. काउंट सीजर मैटी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. वी. कुमार द्वारा गत सत्र तक के पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक दुबे और काउंसिल अध्यक्ष डॉ. कुमार ने अपना संबोधन दिया। डॉ. राधिका यादव, डॉ. हसीना साहू, डॉ. भुनेश्वरी साहू, डॉ. कौशल्या कहार, डॉ. नितांशा साहू, डॉ. विभूति अग्रवाल, डॉ. घनश्याम साहू, डॉ. विजय देवांगन, डॉ. खिलेंद्र सेन, डॉ. सुभाष उमरे, डॉ. प्रवीण साहू, डॉ. अशोक दुबे, डॉ. वेदप्रकाश साहू, डॉ. विभा दुबे, डॉ. सीमा दुबे, डॉ. अशोक चक्रधारी, डॉ. डिगेश्वरी चक्रधारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### गंदगी फैलाने वाले पर 4 हजार रुपए जुर्माना

**रायपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर राजधानी रायपुर में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर के विभिन्न बाजार एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी संचालित दुकानों और ठेला-गुमटियों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके तहत जहां भी सफाई का अभाव या गंदगी मिलने, सूखा और गीला कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं मिलने, नाली-नाले में कचरा डालने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को टीम ने जोन 5 क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद आश्रम के पास रायपुर विकास प्राधिकरण के आदर्श बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां संचालित ठेला-गुमटियों में सफाई का अभाव मिला। इस पर कार्रवाई करते हुए ठेला-गुमटियों के संचालकों पर जुर्माना लगाकर 4 हजार रुपए की राशि वसूल की।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गैलरी, स्पेस म्यूजियम और क्लाइमेट चेंज म्यूजियम की स्थापना की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक संस्थानों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों और पर्यावरणीय शोध से जोड़ना होगा। बैठक में उन्होंने प्रदेश में बड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की उपग्रह चित्रों के माध्यम से निगरानी करने की भी बात कही।

# गाइडलाइन जारी हुए तीन दिन बीते पर एचएमपीवी जांच के लिए सैंपल एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस की पहचान के लिए गाइडलाइन जारी हुए तीन दिन बीत चुके हैं, मगर अस्पतालों से जांच के लिए एक भी सैंपल नहीं भेजे गए हैं। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों का तर्क है कि अभी सर्दी-खांसी वाले मरीजों का टोटा है और हाईरिस्क में शामिल बच्चे और बुजुर्गों की संख्या तो एक भी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों और जिला अस्पतालों को गाइडलाइन के साथ संदेह होने पर सैंपल लेने का आदेश तो जारी कर दिया है, मगर राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में जांच की सुविधा नहीं है। इसके लिए टेस्ट किट का इंतजार किया जा रहा है, अभी सैंपल का टेस्ट केवल एम्स में हो सकता है। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि प्रदेश में अगर एचएमपीवी के मामले बढ़ते हैं, तो किट खरीदने की आवश्यकता होगी, जिसकी संभावना बेहद कम है। गाइडलाइन जारी होने के बाद अस्पतालों में इंफ्लुएंजा और रेस्पिरेटरी के मामलों की निगरानी की जा रही है। सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के मेडिसिन और टीबी चेस्ट विभागों के चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी-खांसी के मरीज बेहद कम संख्या में हैं और जिस दिन से एचएमपीवी की गाइडलाइन जारी की गई है, तब से यहां पांच साल से कम उम्र के बच्चे और 65 वर्ष से अधिक आयु वाले एक भी मरीज जांच के लिए नहीं पहुंचे। आने वाले दिनों में ऐसे लोग आते हैं, तो उनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा।

## सर्दी-जुकाम वालों का टोटा, हाईरिस्क के मरीज एक भी नहीं

### मौसम में बदलाव तभी मरीज

चिकित्सकों के मुताबिक मौसम में होने वाले बदलाव के शुरुआती दिनों में विभिन्न तरह की बीमारियों की समस्या उत्पन्न होती है। ठंड के मौसम को काफी दिन बीत चुका है और मानव शरीर इसका आदी हो चुका है। आने वाले दिनों में जब गर्मी के मौसम की शुरुआत होगी और ठंडा-गर्म की समस्या होगी, तो सर्दी-खांसी जैसी शिकायतें बढ़ेंगी। दूसरी ओर यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि ठंड की समाप्ति के बाद इस एचएमपीवी का जोखिम भी काफी कम हो जाएगा।



### चर्चा कोरोना की वजह से

एचएमपीवी के देश में अब तक 14 मामले आ चुके हैं। चिकित्सकों का दावा है कि यह वायरस काफी पुराना है और खतरनाक नहीं है। इसके बाद भी यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, इसकी वजह कोरोना है। शुरुआती दिनों में कोरोना को हल्के में लिया गया था, मगर बाद में इसके भयानक मंजर ने सबको हिलाकर रख दिया था। पुराने कटु अनुभव के आधार पर स्वास्थ्य विभाग का अमला इसकी रोकथाम के लिए गंभीरता दिखा रहा है।

### सावधानी बरत रहे

एचएमपीवी को लेकर पूरी सावधानी बरती जा रही है। सभी अस्पतालों को आवश्यकता के अनुसार जांच के लिए सैंपल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में सर्दी-जुकाम की शिकायत कम है।

*- डॉ. सुरेन्द्र पामभोई, संचालक, महामारी नियंत्रण*

# महिला समूहों का साढ़े 9 लाख अटका रोजी-रोटी बचाने बैंक से लिया लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सालभर पहले गोधन न्याय योजना के तहत होने वाली गोबर खरीदी बंद कर दी गई। इससे गोठानों में स्वरोजगार चलाने वाले समूहों की महिलाओं के सामने रोजी-रोटी की समस्या शुरू हो गई है। कुछ समूह रोजगार बचाने के लिए लोन लेकर कर्जदार बन गए, वहीं कई समूहों का काम बंद है। इनका साढ़े 9 लाख का भुगतान अटका है। इसके लिए वे दर-दर भटकने मजबूर हैं।

- **सालभर पहले बंद हुई गोबर खरीदी, कई गोठानों को करवाया खाली काम भी बंद**

रायपुर निगम सीमा के अलग-अलग जोन क्षेत्र में गोबर खरीदी करने 6 साल पहले बनाई गई व्यवस्था ठप हो गई है। इससे गोबर से खाद, पेंट, दीए बनाने वाले स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सामने नई चुनौती है। हर महीने होने वाली लाखों की कमाई बंद होने के साथ ही अब उन्हें व्यवसाय को जिंदा रखने के लिए बैंक से लोन लेने की नौबत आ गई है। समितियों से जुड़ी 150 से ज्यादा महिलाओं ने जो काम शुरू किया था, अब वह अधर में है। जरवाय के गोठान में स्वरोजगार चलाने वाली महिलाएं ही अभी खुद की पूंजी लगाकर विभिन्न तरह की सामग्री बना रही हैं।

### साढ़े तीन लाख का लोन

जरवाय में गोबर खरीदने वाली गोवर्धन महिला क्षेत्र स्तरीय संघ की अध्यक्ष धनेश्वरी रात्रे ने बताया कि केन्द्र में निगम के आदेश के बाद से अब मवेशी पालक कम आते हैं। सालभर पहले जब गोबर खरीदी बंद की गई तो गोधन न्याय योजना का क्यूआर कोड भी खत्म हो गया। तब चार लाख का बकाया था, इसमें से अभी तक सिर्फ दो लाख ही मिला। दो लाख का भुगतान अभी नहीं मिला है। इसके लिए भटकना पड़ रहा है। 40 महिलाओं की रोजी-रोटी बचाने के लिए साढ़े तीन लाख का बैंक लोन लिया है।





### दूसरे अपना रहे स्वरोजगार

गोठानों में स्वरोजगार के लिए गोबर से विभिन्न तरह के प्रोडक्ट बनाने वाले समूह की महिलाओं से सहारनपुर (यूपी), मध्यप्रदेश जैसे राज्यों की महिलाएं प्रेरणा ले रही हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में गोबर से तैयार होने वाले प्रोजेक्ट को बंद करवा दिया है। इससे आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने का दावा भी फेल होने लगा है। समूहों का बकाया भुगतान नहीं मिलने से उनकी मूल कमाई भी अधर में अटकी हैं। इसके लिए महिलाएं सहकारी समिति व निगम में भटक रही हैं।

### पैसा नहीं मिला काम बंद

अमलीडीह में बनाए गए गोबर खरीदी केन्द्र की प्रमुख प्रतिमा नंद सागर ने बताया कि वंदना महिला स्वसहायता समिति द्वारा पंजीकृत मवेशी पालकों से गोबर खरीदी के बाद उसकी जानकारी गोधन न्याय के लिए बनाई गई वेबसाइट पर दी जाती थी। इसके बाद समिति को शासन से भुगतान मिलता था। अभी 5 लाख से ज्यादा भुगतान रुका हुआ है। इससे पहले हर महीने समय पर राशि खाते में ट्रांसफर होती थी, अब काम भी बंद करवा दिया है, इससे समूह की महिलाओं के सामने रोजी-रोटी की नई समस्या है।

### समूह को हटा दिया गया

गोकुल नगर के गोठान में गोबर खरीदी के लिए कान्हा महिला स्वसहायता समुह को जिम्मेदारी मिली थी। समिति की अध्यक्ष सीमा सिंह ने बताया कि दो दिसंबर 2023 से ही पंजीकृत मवेशी पालकों से गोबर खरीदी शासन के आदेश पर बंद हुई। इसके बाद एक लाख रुपए समिति ने खर्च करके 7 महीने काम किया। तीन महीने पहले हमसे जगह खाली करवा दी गई। समिति को शासन से मिलने वाले दो लाख 50 हजार का भुगतान भी रुका है। इससे 15 महिलाओं के सामने रोजी-रोटी की चुनौती खड़ी है।

# एनएसयूआई जोड़ेगी एक लाख नए सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई पूरे प्रदेश में एक लाख नए सदस्य बनाने जा रही है। इसके लिए सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। इसका लक्ष्य प्रदेश के सभी कालेजों के छात्रों को संगठन से जोड़ना है। शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा, इस अभियान के तहत एनएसयूआई के पदाधिकारी प्रदेश के हर कॉलेज कैंपस में जाकर छात्रों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

- **11 जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगा सदस्यता अभियान**

इसके साथ छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेंगे। संगठन के मुताबिक, यह कदम छात्रों के अधिकारों की रक्षा और भाजपा सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए है। कॉलेज कैंपस के जरिए छात्रों को संगठन से जोड़ते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा।

### महाविद्यालय स्तर पर सौंपी गई जिम्मेदारी

सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने के लिए पूरी मेहनत और प्रतिबद्धता से काम करने का आह्वान किया गया। निकाय चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य एनएसयूआई पदाधिकारी करेंगे। एक लाख नए सदस्य बनाने संबंधित यह अभियान 11 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। इसके लिए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन भी शनिवार को किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, संगठन महामंत्री हेमंत पाल सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यायालय की मदद से वापस मिली 25 लाख रुपए की उधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मित्र से कारोबार करने 25 लाख रुपए कर्ज की रकम चुकाने दिए गए चेक की रकम स्टाप पेमेंट कराने के मामले में हाईकोर्ट की दखल के बाद पीड़ित को 14 साल बाद वापस मिले। हाईकोर्ट ने रकम वापस नहीं करने पर दो साल कैद की सजा सुनाई। इसके बाद कारोबारी ने अपने मित्र को रकम लौटाई।

अमीत सिंह के वकील कृष्णा शर्मा के अनुसार पंडरी में कपड़ा कारोबार करने वाले विशाल जैन ने अपने मित्र अमीत सिंह से कारोबारी गतिविधि संचालित करने 25 लाख रुपए कर्ज लिया था। कर्ज की रकम अदायगी करने विशाल ने अमीत को आठ जनवरी 2011 को व्यवसायिक सहकारी बैंक रायपुर शाखा का चेक दिया था। अमीत बैंक से चेक की राशि बैंक से निकाल नहीं पाए। इसके लिए विशाल ने बैंक में स्टाप पेमेंट करा दिया। अमीत ने रुपए निकालने बैंक में चेक जमा किया। स्टाप पेमेंट होने की वजह से चेक बाउंस हो गया।



### हाईकोर्ट की दखल के बाद मिली राशि

चेक बाउंस होने के बाद अमीत ने अपने वकील के माध्यम से रायपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट में चेक बाउंस की याचिका दायर की। प्रकरण प्रमाणित नहीं होने पर 13 जुलाई 2017 को कोर्ट ने केस खारिज कर दिया। इसके बाद अमीत ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद विशाल को पैसे लौटाने आदेश दिया। पैसा नहीं लौटाने पर दो वर्ष कैद की सजा सुनाई। इस पर अमीत ने अपने वकील के माध्यम से निचली अदालत में हाईकोर्ट के फैसले का पालन करने याचिका दायर की। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अमीत को विशाल जैन ने चेक की अनादरित राशि लौटाई।

# खमतराई ब्रिज के नीचे अतिक्रमण नगर निगम ने तोड़ी 5 दुकानें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की सड़कों को कब्जा मुक्त करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को नगर निगम, पुलिस और यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने खमतराई ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण कर बनाई गई 5 अवैध दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की।

- **लोगों ने अवैध रूप से दुकानें बना ली थीं**

नगर निगम में कलेक्टर गौरव सिंह के प्रशासक का चार्ज संभालने के बाद से शहर की सड़कों पर सुगम व सुचारू रूप से गाड़ियों का आवागमन के लिए से लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे लगे ठेले-गुमटियों से लेकर ब्रिज के नीचे जमीन पर कब्जा कर बनाई गई दुकानों को भी हटाया जा रहा है। खमतराई ब्रिज के नीचे भी लोगों ने अवैध रूप से दुकानें बना ली थीं, जिसे थ्रीडी मशीन और श्रमिकों की सहायता से तोड़कर हटाया गया। इस कार्रवाई में जोन-1 कमिश्नर हितेंद्र यादव सहित निवेश विभाग, पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव में अलग-अलग आरओ एवं एआरओ होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारी अंतिम चरण पर है। निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा, नगरीय निकाय निर्वाचन ईवीएम से कराए जाने की तैयारी की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग किए जाने वाले ईवीएम मल्टी वोट मल्टी पोस्ट प्रकार की है। आयोग द्वारा नए जिलों को उनके पैरेंट जिलों से ईवीएम आवश्यकता अनुसार प्रदाय किया जाएगा। आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि वर्ष 2014 के नगरीय निकाय आम निर्वाचन, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम के माध्यम से कराया गया था। चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के लिए एक प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की जाए तथा इस कार्य के लिए आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। एफएलसी की सूचना लिखित में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि एफएलसी की प्रक्रिया प्रतिदिन समय पर प्रारंभ हो एवं निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर ली जाए। आयोग द्वारा ली गई बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग की उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, डॉ. अनुप्रिया मिश्रा एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एसडीएम सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।




- **चुनाव में उपयोग की जाने वाली ईवीएम मल्टी वोट मल्टी पोस्ट प्रकार की**

### चुनाव में होंगे अलग-अलग निर्वाचन अधिकारी

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। वर्चुअल बैठक में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) की नियुक्ति को लेकर निर्वाचन आयुक्त ने कहा, नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए अलग-अलग नियुक्ति की जाय। चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को सुनिश्चित करें। सभी आवश्यक तैयारी समय सीमा में करने निर्देशित किया गया।

### चुनाव की पूरी तैयारी

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को आगामी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने तैयारियों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए कहा, सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएंगी।

## नियमों को ताक पर किए जा रहे निर्माण कार्य

# तकनीकी लापरवाही की वजह से दो मजदूरों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अविनाश एलिगेंस की हाईराइज बिल्डिंग की चैली टूटकर गिरने की जो वजह सामने आई है, उसके मुताबिक निर्माण कार्य सुरक्षा नियमों का ताक पर रख कर किया जा रहा था। इसके चलते चैली गिरने से दो मजदूरों की मौत हुई है। राजधानी के अलग-अलग इलाकों में बिल्डरों द्वारा बड़े पैमाने पर हाईराइज भवनों का निर्माण किया जा रहा है। ज्यादातर निर्माण कार्य अकुशल मजदूर तथा ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण सामग्री के गुणवत्ताहीन होने की वजह से भी हादसा होने की बात कही जा रही है।

- **भवन निर्माण करने एनओसी देने से पूर्व एसडीआरएफ की राय लेने संबंधितों को कई दफा पत्र लिख चुके**


वीआईपी रोड में नए बन रहे नए रिहायशी अपार्टमेंट में हुआ हादसा
अविनाश ऐलीगेंसः सातवीं मंजिल की ढलाई में छत गिरी, आठ मजदूर दबे, दो की मौत
दो मजदूरों की हालत चिंताजनक
36 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन गिरे साइलो को हटाया गया

लोक निर्माण विभाग तथा निगम को बड़े भवनों के निर्माण करने एनओसी देने के पूर्व राज्य आपदा प्रबंधन ने उनसे भी अनुमति लेने दिसंबर में पत्र लिखा है। राज्य आपदा प्रबंधन पूर्व में भी लोक निर्माण विभाग तथा नगर निगम को बड़े भवनों की निर्माण के पूर्व एनओसी देने से पहले उनसे भी एनओसी लेने पत्र लिख चुका है। बावजूद इसके संबंधित विभागों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। चैली गिरने के पीछे क्या चूक रही है। यह जांच का विषय है, लेकिन प्रथम दृष्टया जो चूक सामने आई है। उसमें निर्माण के लिए उपयोगी सामाग्री के गुणवत्ताहीन होना पाया गया है।

### इन नियमों के तहत छज्जा निर्माण

लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक लिंटल एवं छज्जा निर्माण के समय निम्नानुसार सावधानी बरतने के निर्देश हैं-

- छज्जे की मोटाई फिक्स ईंड (लिन्टल की तरफ) पर 12 सेंटीमीटर से कम न हो।
- छज्जे में डाले जाने वाले रिइनफोर्समेंट को उचित रीति से चेयर सहित डाला जाये ताकि कंक्रीटिंग के पूर्व वह दबे नहीं।
- संपूर्ण कंक्रीट कार्य में यह देखा जाये कि हनीकॉम्ब की स्थिति निर्मित न हो एवं लाईन-लेंग्थ का ध्यान विशेष रुप से रखा जाये।

### स्लैब कार्य के लिए यह है मानक

- स्लैब एवं बीम कास्ट करने के पूर्व भी यह देखा जाये कि शटरिंग कार्य स्टील अथवा वांछित गुणवत्ता की वाटर प्रूफ प्लाई से निर्मित हो।
- रिइनफोर्समेंट की प्लेसिंग ठीक से की गई हो।
- रिइनफोर्समेंट के संबंध में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड के एसपी 34 1987 में वर्णित निर्देशों का कड़ाई पूर्वक ध्यान रखा जाये।
- बीम तथा स्लैब कार्य में यह देखा जाये कि बीम तथा स्लैब के समस्त एंड पर टॉप रिइनफोर्समेंट एल आकार में मोड़ा जाकर नीचे लाया जाये।
- भवनों में सेंटरिंग में ही स्लोप दे दिया जाये ताकि वर्षा ऋतु के पानी को प्रवाहित करने के लिये कंक्रीट की मोटाई एक तरफ कम तथा एक तरफ ज्यादा करने जैसी गैर-तकनीकी व्यवस्थाएं न करना पड़े। बहुमंजिला भवनों में इस प्रकार की व्यवस्था मात्र रूफ लेवल पर ही की जाये।
- छत के ऊपर एक्सापांशन ज्वाईंट निर्धारित मापदण्डानुसार बनाये जाये।

## भूपेंद्र सवन्नी बोले

# कांग्रेस को नगरीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारों के संकट से भी जूझना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने निकाय चुनावों को लेकर कहा, एक तो कांग्रेस नेतृत्व, कार्यकर्ता और मुद्दों के संकट से जूझ रही है, वहीं अब पार्षद पद के दावेदारों के लिए आवेदन के साथ पांच माह का वेतन जमा करने की अनिवार्यता के बाद कांग्रेस को निकाय चुनावों में उम्मीदवारों के संकट से भी जूझना पड़ेगा। यह कांग्रेस की राजनीतिक, वैचारिक दीवालियापन को स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सवन्नी ने कहा कि लगातार हार से कांग्रेस टूट और बिखर चुकी है। भाजपा ने विधानसभा लोकसभा और उपचुनाव में कांग्रेस को पटखनी दी है, उपचुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह हारी है। संगठन चुनाव में भी भाजपा ने तेज गति से नियुक्तियां कर नगरीय निकाय चुनाव में तैयारी को लेकर भी बड़ी बढ़त बना ली है। श्री सवन्नी ने कहा, चुनाव को लेकर भाजपा की प्रदेशस्तरीय टीम, संभागीय समितियों के साथ नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के प्रभारियों की नियुक्ति करके भाजपा निकाय चुनावों की तैयारी में बहुत आगे निकल गई है जबकि कांग्रेस में सन्नाटा पसरा है!

**खबर संक्षेप**



## रविवि में 130 वृक्षों की कटाई विरोध में उतरी एबीवीपी

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के परिसर में बंजारी मंदिर के सामने और सीबीएस भवन के पास सैकड़ों वृक्षों की कटाई किए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अभाविप ने इसे पर्यावरण और विश्वविद्यालय के सकारात्मक वातावरण के लिए गंभीर खतरा बताया है। अभाविप रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा, भवन निर्माण और मंदिर के विस्तार के नाम पर लगातार वृक्षों की कटाई हो रही है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पूर्व में जिन उद्देश्यों से वृक्ष काटे गए, न तो उनके लिए किसी भवन का निर्माण हुआ और न ही मंदिर का विस्तार। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वृक्षों को काटने की बजाय, परिसर में पहले से उपलब्ध खाली भूमि का उपयोग करना चाहिए। यदि 130 वृक्षों की कटाई पूरी हो चुकी है, तो अभाविप यह मांग करती है कि विश्वविद्यालय प्रशासन तुरंत 1300 नए वृक्षों का रोपण करे और उनके संरक्षण के लिए सुनियोजित योजना बनाए।

## आहाना कथक में अव्वल कला सृजन सम्मान भी



**रायपुर।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा दुबई के जबिल कन्वेंशन सेंटर में 3 से 7 जनवरी तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति समारोह में रायपुर की आहाना अग्रवाल ने कथक नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही उन्हें कला सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व आहाना ने हरिद्वार, भिलाई और उज्जैन में आयोजित समारोह में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आहाना राजधानी रायपुर में संचालित 'अनहद ध्वनि संस्था की छात्रा हैं और प्रख्यात नर्तक गुरु युवराज बाग से 5 वर्ष की उम्र से नृत्य सीख रही हैं। इस संस्था की कु. प्लाक्षी वर्मा और श्रेयांशी वर्मा ने भी अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका नायर ने भी अपने शानदार नृत्य द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माहिरा शेख और संस्था की संचालिका शिप्रा अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

## मरीजों को अब बेड पर मिलेगी पैथोलॉजी रिपोर्ट

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब उनके बेड पर ब्लड सहित अन्य पैथोलॉजी रिपोर्ट मिलेगी, उन्हें सैंपल देने के लिए भी लैब तक नहीं जाना होगा। अस्पताल में भर्ती अंतःरोगी मरीजों के लिए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पैथोलॉजिकल जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल वार्ड में एकत्रित कर वार्ड ब्वॉय द्वारा लैब तक पहुंचाया जाएगा और जांच पश्चात ब्लड रिपोर्ट एकत्रित करके उसे संबंधित वार्ड में ऑन ड्यूटी नर्स को दिया जाएगा।

# गणित का डर नहीं! मात्र 20% ही ले रहे बेसिक मैथ्स, 80% को चाहिए 'स्टैंडर्ड', सिलेबस एक लेकिन पर्चे अनेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के छात्रों का भय गणित से खत्म हो गया है। सीबीएसई की दसवीं की परीक्षाओं के लिए छात्रों द्वारा भरे गए परीक्षा फॉर्म को देखकर ऐसा ही प्रतीत होता है। दरअसल सीबीएसई दसवीं कक्षा के छात्रों को विकल्प देता है कि वे बेसिक अथवा स्टैंडर्ड मैथ्स में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं। दोनों के ही सिलेबस एक समान होते हैं। लेकिन सीबीएसई इनके लिए प्रश्नपत्र पृथक-पृथक रूप से सेट करता है। सीबीएसई के मुताबिक, बेसिक गणित के प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल होते हैं। सिलेबस एक होने के साथ परीक्षा भी एक ही तिथियों में होती है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का मानना है कि कला और वाणिज्य संकाय में गणित के गहरे ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे में दसवीं कक्षा में गणित विषय का बेसिक ज्ञान रखने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में पदोन्नत किया जा सकता है। हालांकि बेसिक गणित लेने वाले विद्यार्थियों को आगे चलकर मैथ्स या साइंस ग्रुप लेने की पात्रता नहीं होती है। वे केवल कला और वाणिज्य संकाय का ही चुनाव कर सकते हैं।

### कक्षाएं एक साथ

*बेसिक और स्टैंडर्ड दोनों ही गणित का चुनाव करने वाले विद्यार्थियों की कक्षाएं एक साथ संचालित की जाती हैं। सिलेबस एक होने के कारण सभी स्कूलों में यही व्यवस्था होती है।*

*- **आशुतोष सिंह**, संचालक, होली हार्ट्स स्कूल*

## सीबीएसई दसवीं के विद्यार्थियों को देता है बेसिक और स्टैंडर्ड गणित चुनने का विकल्प

### बीते दो सत्रों से मिल रही छूट

बेसिक मैथ्स लेने वाले विद्यार्थियों के लिए विषय चयन संबंधित नियमों में सीबीएसई द्वारा पिछले दो सत्रों छूट दी जा रही है। सीबीएसई ने बेसिक और स्टैंडर्ड का कॉन्सेप्ट दो वर्ष पहले लाया था। ऐसे में शुरुआत से ही छात्रों को इसमें छूट मिल रही है। परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रवेश के दौरान सत्र 2022-23 और सत्र 2023-24 में बोर्ड ने बेसिक वाले छात्रों को भी गणित और विज्ञान में दाखिले की अनुमति प्रदान कर दी थी। आंकड़ों के मुताबिक, रायपुर जिले में ऐसे छात्रों की संख्या सिर्फ 2% ही है, जो दसवीं में बेसिक गणित लेने के बाद 11वीं कक्षा में विज्ञान अथवा मैथ्स का चुनाव करते हैं। प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार छात्र दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में शामिल होते हैं। इनमें से दसवीं के छात्र 28 हजार के करीब होते हैं।




### 80:20 का अनुपात

*जिले के विद्यालयों में स्टैंडर्ड और बेसिक गणित लेने वालों का अनुपात 80:20 का है। लगभग पूरे प्रदेश में यही स्थिति है। स्टैंडर्ड गणित लेने से सभी संकायों के विकल्प खुले रहते हैं।*

*-राजीव गुप्ता, अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन*

## इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक पर महिलाओं का बढ़ा विश्वास

# महतारी वंदन योजना से डाकघर में खुले 5 लाख से अधिक नए खाते


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महतारी वंदन योजना की किस्त पाने के लिए पात्र महिला का बैंक में खाता खुला होने के साथ खाता आधार से जुड़ा होना तथा डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांजेक्शन (डीबीटी) कराना भी जरूरी है। बिना डीबीटी कराए किस्त की राशि हितग्राही के खाते में नहीं पहुंचेगी, लेकिन देखा यह जा रहा है कि सरकारी एवं निजी बैंकों में डीबीटी कराने के बाद भी किस्त की राशि महिलाओं के खाते में नहीं पहुंच रही है, जिसके कारण महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक बड़ी राहत दे रहा है। डाकघर के अधीन संचालित इस बैंक की सुविधा डाकघर में महतारी वंदन योजना के नाम पर खाता खोला जा रहा है। खाता खुलवाने के बाद डीबीटी कराने के लिए अगल से कोई फार्म भरने के लिए नहीं कहा जा रहा है, क्योंकि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सीधे डीबीटी से सत्यापित है, इसलिए डीबीटी के लिए अलग से कोई फार्म भरने की भी आवश्यकता नहीं है। यही वजह है कि इस बैंक में खाता खुलवाने वाली महिलाओं के खातों में हर महीने की किस्त भी पहुंच रही है।

विभाग भी महिलाओं को पोस्ट इंडिया बैंक में खाता खुलवाने भेज रहा

डीबीटी कराने के बाद भी जिन महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना की किस्त नहीं पहुंच रही है या फिर कुछ महीनों तक मिलने के बाद किस्त की राशि आना बंद हो गई है, इस प्रकार की समस्या लेकर कई महिलाएं संबंधित बैंक से लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के दफ्तर भी पहुंच रही हैं। बैंक में जहां महिलाओं को एक ही जवाब मिलता है कि उनका डीबीटी हो चुका है। इसके बाद भी किस्त नहीं आ रही है, तो संबंधित योजना पोर्टल के साफ्टवेयर में कोई गड़बड़ी हुई है।

इस तरह बैंक में समस्या का समाधान नहीं मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग में महिलाओं को खाता से आधार का नहीं जुड़ा होना या फिर डीबीटी नहीं होना कारण बताया जा रहा है। महिलाएं जब बैंक के हवाले से दोनों सहीं होना बताया जा रहा है तो विभाग द्वारा उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाने की सलाह दी जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बैंकों में डीबीटी सही तरीके से नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण किस्त की राशि भी अटक रही है, इसलिए उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाने के लिए कहा जा रहा है।




### 5 लाख 33 हजार नये खाते खुले

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में अब तक 5 लाख 33 हजार महिलाएं नये खाते खुलवा चुकी हैं। इन नए खातों के खुलने से राज्य में इंडिया पोस्ट के खाता धारक भी करीब साढ़े 12 लाख से बढ़कर 18 लाख के करीब पहुंच गए हैं। देश में खाता धारकों का यह आंकड़ा 10 करोड़ तक पहुंच चुका है।

### इन योजनाओं की राशि पाने भी खोले गए हैं 4 लाख से अधिक खाते

इंडिया पोस्ट बैंक में महतारी वंदन योजना के तहत नरेगा, प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा, पहल जैसी केंद्र सरकार की अन्य कई योजना के तहत भी लोगों ने खाते खुलवाएं हैं। इनमें नरेगा के तहत राज्य में 4 लाख तथा पीएम किसान योजना के तहत 2083 खाते खोले गए हैं।

### एक मिनट में खुल रहा खाता

अधिकारियों के अनुसार इंडिया पोस्ट बैंक में खाता खुलवाने के लिए भी ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ती। आधार की फोटो कापी एवं बायोमेट्रिक मशीन से फिंगर स्कैन करके एक मिनट के भीतर आसानी से धारक का खाता खुल जाता है।

### बैंक डीबीटी से सत्यापित, इसलिए दिक्कत नहीं

हमारा बैंक डीबीटी सत्यापित है। इसके लिए खाता धारक को अलग से डीबीटी कराने की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए महतारी वंदन योजना की किस्त भी महिलाओं के खाते में बिना किसी रुकावट के पहुंच रही है। देशभर में 96 प्रतिशत महिलाओं के खातों में किस्त की राशि पहुंच रही है। 4 प्रतिशत उन्हीं खातों में फेल है, जिसमें आधार-मोबाइल नंबर की गलत जानकारी दी गई है।

- **रवि कुमार सिंह**, क्षेत्रीय प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स रायपुर छत्तीसगढ़

## परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की हुई बैठक, बनी कार्यक्रम की रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से 2 फरवरी को शहीद स्मारक भवन में राष्ट्र स्तरीय सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में समाज की अहम बैठक हुई, जिसमें प्रचार-प्रसार के लिए पांपलेट का विमोचन कर प्रमुखजनों को जिम्मेदारी बांटी गई। सम्मेलन में छग के अलावा देश के कई राज्यों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने लिए भावी मनचाहा जीवनसाथी पसंद करने राजधानी पहुंच रहे हैं। इस पूरे आयोजन का प्रसारण एलईडी बड़ी स्क्रीन पर लाइव चलेगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सम्मेलन में भारी भीड़ उमड़ती है, जिनकी सुचारू व्यवस्था के लिए बैठक में पंजीयन, प्रवेश व्यवस्था, मंचीय संचालन, पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथि सत्कार, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर आदि के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी बांटी गई है।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीयन की सुविधा 31 तक

2 फरवरी को आयोजित होने जा रहे इस विशाल कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में प्रतिभागी न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी कार्यालय पहुंचकर अपना अग्रिम पंजीयन करा रहे हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीयन की यह सुविधा 31 जनवरी तक जारी रहेगी। बैठक में डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, पं. अंजोरदास बंजारे, टिकेंद्र बघेल, नंदकुमार कोसले, कृपाराम चतुर्वेदी, लाला पुरेना, अरुण मंडल, उतित भारद्वाज, डॉ. मन्नूलाल चेलक, संतोष महिलांग, सुभाष कुर्रे, सुखदास बंजारे, तुलाराम टंडन, धनेश्वरी डांडे, ममता सोनी, सुनंदा बघेल, संगीता बालकिशोर, गिलेश्वरी गायकवाड़, पुष्पा, दयाराम जांगड़े, कमल कुर्रे, राधेश्याम बंजारे, अश्वनी डांडे सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए भारत सरकार ने नगर निगम के कार्य को सराहा

# बारिश सीजन के 2 माह में 900 से अधिक रन वाटर पिट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश के मौसम में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को संचित करने तथा भू-जल स्तर को बढ़ावा देने के लिए रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बारिश सीजन के दौरान दो महीने में 900 से ज्यादा रेन वाटर पिट तैयार कराए गए हैं, जिससे उन क्षेत्रों में पानी का जल स्तर भी बढ़ा है। स्थानीय क्रेडाई पदाधिकारियों व बिल्डर्स के सहयोग से निष्पादित किए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य के लिए भारत सरकार ने नगर निगम प्रशासन की सराहना की है। भारत सरकार ने जन सहभागिता से किए गए इस कार्य को सर्वोत्कृष्ट कार्य मानते हुए देशभर के नगरीय निकायों के लिए प्रेरक भी बताया है।

### नेशनल बिल्डर्स कॉन्फ्रेंस में निगम देगा प्रेजेंटेशन

इस प्रोजेक्ट से जुड़े हाइड्रोलॉजिस्ट के साथ नगर निगम के अभियंताओं को मार्च माह में बिल्डर्स के नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस में रायपुर नगर निगम को भी आमंत्रित किया गया है। इस कांफ्रेंस में नगर निगम जन भागीदारी से अत्यधिक कम समय में जल संचय व संरक्षण के लिए अपने निष्पादित कार्य की संपूर्ण रूपरेखा व रोड मैप का प्रजेंटेशन राष्ट्रीय स्तर पर देगा।



### जिन कालोनियों में वाटर हार्वेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं, वहां पिट तैयार

निगम क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग पिट तैयार करने के लिए उन कालोनियों को चुना गया था, जहां वाटर हार्वेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। निगम के मार्गदर्शन में इन कॉलोनियों में बारिश से पहले रेन वाटर पिट तैयार करने पर जोर दिया गया था। इस तरह केवल दो माह में ही 900 से भी ज्यादा रेन वाटर पिट तैयार किए गए, जो कि किसी भी नगरीय निकाय द्वारा जल संचय की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

### जल शक्ति विभाग ने की सराहना

जल शक्ति विभाग भारत सरकार ने देश के नगरीय निकायों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इसमें रायपुर नगर निगम द्वारा जन सहभागिता से मितव्ययी व आधुनिक तकनीक का उपयोग कर कम समय में 900 से भी अधिक रेन वाटर पिट तैयार करने पर रायपुर की सराहना की। बैठक में अन्य निकायों को भी रायपुर नगर निगम की तर्ज पर वर्षा जल संचय के लिए योजनाबद्ध कार्य करने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जो पहल की है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान व सराहना मिली है। आयुक्त के निर्देश पर निगम से संबद्ध हाइड्रोलॉजिस्ट डॉ. के. पाणिग्रही के तकनीकी मार्गदर्शन में ठोस रणनीति तैयार की गई। इसके तहत कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) और नगर निगम के जोन कमिश्नरों व अभियंताओं की निरंतर बैठक लेकर आयुक्त जल संरक्षण की दिशा में सभी को भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## जमीन भी फर्जी, बेचने वाला भी फर्जी, तीन गिरफ्तार

### महिला को जमीन बेचने झांसे में लेकर की दो करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जमीन बेचने के नाम पर ठगी का एक अलग तरह का मामला मंदिर हसौद थाना में आया है। जमीन बेचने के नाम पर दो करोड़ रुपए की महिला के साथ ठगी की गई है। ठगी के इस अनोखे मामले में किसी दूसरे का पहचान पत्र बनाकर ठगी की है। उस नाम की महिला ही नहीं है। इसके साथ ही जिस जमीन की रजिस्ट्री की गई, उस जमीन की वह मालिक ही नहीं है। ठगी की घटना में शामिल एक महिला सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शंकर



नगर निवासी महिला प्रवीण अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने देवंतीन वर्मा, सतीश कुमार सिन्हा तथा रुकनुद्दीन उर्फ रुक्कू को गिरफ्तार किया है। प्रवीण ने पुलिस को बताया है कि उसने मंदिर हसौद में जमीन खरीदने अलग-अलग खसरा नंबर की दो जमीन का दो करोड़ में सौदा किया था।

### रजिस्ट्री के बाद पता चला जमीन के साथ बेचने वाला फर्जी

प्रवीण ने पुलिस को बताया है कि सतीश तथा रुकुनुद्दीन ने देवंतीन को पुष्पा सारथी बनाकर उसके नाम से फर्जी पहचान पत्र बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराकर दो करोड़ रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराए। प्रवीण को बाद में पता चला कि उसने जिस पुष्पा सारथी नाम की महिला की जमीन रजिस्ट्री कराई है, उस नाम की कोई महिला ही नहीं है और न ही उसके पास कोई जमीन है। प्रवीण ने नवा रायपुर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। ऐसे में सवाल उठता है कि पुष्पा सारथी नाम की किसी महिला के नाम की कोई जमीन नहीं है, ऐसे में पंजीयन कार्यालय ने कैसे जमीन की रजिस्ट्री की।

## सवा तीन किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा तथा सिविल लाइंस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों के कब्जे से सवा तीन किलो गांजा जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक बदमाश तेलीबांधा थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

## डिप्टी सीएम शर्मा ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गैलरी, स्पेस म्यूजियम और क्लाइमेट चेंज म्यूजियम की स्थापना की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक संस्थानों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों और पर्यावरणीय शोध से जोड़ना होगा। बैठक में उन्होंने प्रदेश में बड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की उपग्रह चित्रों के माध्यम से निगरानी करने की भी बात कही। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग एस. भारतीदासन और संचालक तकनीकी शिक्षा विभाग ऋतुराज रघुवंशी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# महापौर पद के लिए कांग्रेस नेत्रियों ने सक्रियता के आधार पर की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में महापौर पद सामान्य महिला आरक्षित होने के बाद कई कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने दावेदारी की है। कांग्रेस के पूर्व विधायक की पत्नी सहित कई महिला कांग्रेस की पदाधिकारी इसमें शामिल हैं। इन कांग्रेस नेत्रियों का कहना है कि महापौर पद के लिए उनकी सक्रियता को ध्यान में रखते हुए पार्टी को उनकी दावेदारी पर विचार करते हुए टिकट देना चाहिए।

महिला कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं ने कहा है कि अब राजधानी की इस सीट के लिए नए लोगों को मौका मिलना चाहिए। आरक्षण तय होने के पहले कांग्रेस में चर्चित महिलाओं के नाम कम ही आने की संभावनाओं के बीच अब




करीब दर्जनभर महिलाओं ने पीसीसी के समक्ष दावेदारी की है। दावेदार अब अपना टिकट पक्का करने दिल्ली दौड़ लगा रही हैं। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद उनकी सक्रियता और बढ़ने की संभावना है। कांग्रेस के निगम और विधानसभा चुनाव में सक्रिय नेताओं ने अपने दम पर पत्नियों का नाम आगे बढ़ाया है। वहीं कई ऐसी भी महिला कांग्रेस की नेत्रियां हैं, जो पहले निगम में पार्षद रह चुकी हैं, उन्होंने दावेदारी की है। कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जो कांग्रेस पदाधिकारी होने के साथ ही सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं, वे चाहती हैं कि उनका नाम यहां पर महापौर के टिकट के लिए तय हो। **कांग्रेस करा रही सर्वे:** कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डवार प्रभारियों की नियुक्ति पहले ही कर दी थी। प्रभारियों ने वार्ड की बूथ कमेटियों की बैठक लेकर वहां के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की है। वार्ड पार्षद और महापौर के लिए नाम सर्वे के आधार पर पार्टी तय करेगी।

### दस साल में मिला मौका

कांग्रेस नेत्रियों का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव में राजधानी रायपुर की सीट सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित हुई है। अब कांग्रेस को सक्रियता के आधार पर उन महिलाओं को मौका देना चाहिए, जो पार्टी के मुद्दों को आगे बढ़ाने के में आगे आ रही हैं। **ये हैं दावेदार :** अर्पणा संचेती, दीप्ति दुबे, पल्लवी सिंह, नीतू तिवारी, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, वंदना राजपूत, कविता ग्वालानी, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, निशा यादव, प्रगति बाजपेयी और परमजीत कौर जुनेजा ने दावेदारी की है।

## प्रदेश की आधी आबादी के साथ भाजपा सरकार कर रही है अन्याय

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं है। प्रदेश की आधी आबादी जो अन्य पिछड़ा वर्ग का है, उस बहुसंख्यक आबादी के साथ भाजपा की साय सरकार अन्याय कर रही है। पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण का दावा करने वाले भाजपाई गायब हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के कारण अधिकतर जिला और जनपद पंचायतों में भी ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है।



## खबर संक्षेप

### यशवंत बनाए गए कांकेर जिला प्रभारी

**बालोद।** नगर के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन को आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में फिर महती जिम्मेदारी दी गई है। इसके पूर्व भी वे कई चुनावों में प्रभारी के रुप मे जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व संगठन ने आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अपनी तैयारी में लग गयी है। प्रदेश संगठन ने राज्य के सभी जिलों में अपने वरिष्ठ एवं संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओ को जिला स्तर पर तैनात कर चुनाव जीतने योग्य प्रत्याशियों की तलाश शुरू कर दी है। इसी तारतम्य में बालोद जिले के पूर्व बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष यशवंत जैन को उनके लंबे व सफल नेतृत्व को देखते हुए कांकेर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि गत विधानसभा चुनाव में भी यशवंत जैन कांकेर जिले के प्रभारी थे। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में हर्ष है।

### हुलसिया बनी अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष

**डौंडीलोहारा।** नगर की हुलसिया (हुलसा) साहू को अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस दिल्ली केंद्रीय कार्यालय के आला पदाधिकारियों ने महामंत्री का दायित्व निभाते हुए प्रदेश में इनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के कारण 10 जनवरी को पदोन्नत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश के सामाजिक संस्थाओं,गैर सरकारी संस्थाओं व विभिन्न समाज के समाज प्रमुखों द्वारा एवं स्थानीय लोहारा नगर पंचायत के समस्त नगर वासियों , पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दीं गईं।

### चिचबोड़ बेलौदी में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 17 से

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चिचबोड़ बेलौदी में त्रिदिवसीय भव्य मानस सम्मेलन 17, 18, 19, जनवरी को रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि जनपद सदस्य तेजराम साहू, तुलाराम पड़ोटी, शिवेन्द्र कुमार मनघाटी, ओम प्रकाश यादव, ढाल सिंह साहू होंगे। जिसमें गुरु कृपा बाल संस्कार मानस मंडली बेलमंड, गंगा मानस मंडली टेकापार, गौरी महिला मानस मंडली रंगकटेरा, जय बजरंग मानस मंडली देवारभाट भारत सद्भावना मानस मंडली ढाबाडीह, श्रीराम जानकी मानस गिरधारी राम नगर भिलाई, पूजा बालिका मंडली बठेना धमतरी, भूमिका महिला मानस गुढ़ियारी, मोर नन्हे संगवारी देवरी भखारा, हर्षदीप मानस कोटरा, जय मां परमेश्वरी महिला मानस कोटरा, श्री राम जानकी मानस गिरधारी नगर दुर्ग भारत मानस मंडली सोरम धमतरी ओम मानस मंडली चिचबोड़ अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। 20 जनवरी को देव मंडई होगा, जिसमें माहूद बी के डांग डोरी व देवगण साथ में चिचबोड़ मंडई जिसे देखने आसपास की गांव सम्मिलित होंगे। रात्रि में भूल बिसरे छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी वालों का कार्यक्रम होगा।

### चौपाटी में सफाई मित्र सुरक्षा कैंप लगाया गया

**दुर्ग।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा कैम्प लगाया गया। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत सभी जीरो वेस्ट सेंटर सेंटर में कार्यरत सभी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी एसएलआरएम सेंटर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीपी, शुगर, कैल्शियम, ब्लड ग्रुप, थाइरॉइड, विटामिन एवं अन्य जांच किये गए एवं जांच उपरांत मेडिकल ऑफिसर डॉ श्रेया तिवारी द्वारा आवश्यक दवाइयां दीदियों को उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी प्रताप सोनी, एरिया प्रोजेक्ट मैनेज मनीष यादव, कुलेश्वर चंद्राकर, डॉ श्रेया तिवारी, नर्स मंजू साहू, लैब टेक्नीशियन पुष्पा, फार्मासिस्ट लक्ष्य साहू, वाहन चालक रोमेश पटेल मौजूद थे।

परीक्षा

**बेरला विकासखण्ड से ही इस बार 800 बच्चे दिलाएंगे परीक्षा**

# क्विज प्रतियोगिता के साथ ही राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का मॉक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

संकुल केंद्र बारगांव में संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुड़पार खुर्द, बलोदी कला और बारगांव के कुल 40 बच्चे भाग लिए। ये सभी बच्चे, इस वर्ष राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा याने एनएमएमई के लिए तैयारी कर रहे हैं। क्विज प्रतियोगिता के बाद इन बच्चों का लिखित परीक्षा याने मॉक टेस्ट भी हुआ। 100 प्रश्न पर तार्किक एवं विषय आधारित इस मॉक टेस्ट में मूल्यांकन ओएमआर शीट के माध्यम से किया गया। पिछले वर्ष 55 छात्र की सफलता से उत्साहित होकर फार्म जमा होने से पहले सभी मिडिल स्कूलों के प्रभारी शिक्षकों की बैठक ली गई थी। जिसमें आय प्रमाणपत्र पहले से बनवा कर रखने की निर्देश दिए गए थे। पिछले वर्ष 499 फॉर्म जमा हुए थे, इस बार उस लक्ष्य को पार करने के लिए योजना बनाई गई थी। अब तक 800 सबसे अधिक फॉर्म जमा हो चुके हैं।

■ तैयारी कराने प्रश्न देकर ओएमआर शीट से कर रहे मूल्यांकन

व्हाट्सअप ऐप के माध्यम से ऑपरेशन खोज 2024-25 से इस परीक्षा की तैयारी चल रही है। इस परीक्षा के संयोजक के रूप में कार्य करने वाले शिक्षक सुरेंद्र पटेल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित बच्चों को ऑनलाइन टेस्ट के माध्यम से ग्रीष्म अवकाश से तैयारी करवाई जा रही है। आय प्रमाण पत्र जुलाई अगस्त में भी बनवा लिया गया था। अभी लगातार दो बार मॉक टेस्ट लिए जा चुके हैं। मॉक टेस्ट के माध्यम से बच्चों को समय का प्रबंधन किस तरह से किया जाय और ओएमआर शीट में चिन्ह कैसे लगाए, समय पर पेपर कैसे बनाएं के तरीके सिखाए जा रहे हैं। प्रतिदिन किसी एक विषय पर लिंक जारी कर वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाते है। लगभग 40 विद्यालय में इस परीक्षा में का आयोजन किया गया। शनिवार के दिन स्कूल संचालक के बाद लगभग 40 विद्यालयों को यह पेपर उपलब्ध कराई गई थी। जो परीक्षा केंद्र बनाकर शिक्षक प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट प्रिंट करवा कर बच्चों को वितरित किए मूल्यांकन कीजिए। व्हाट्सएप के माध्यम से अंक भी व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे हैं ऑनलाइन के माध्यम से लिंक में संकलित किया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बेरला विकासखंड के शिक्षक केवरा सेन, ओम प्रकाश साहू, जोगी वर्मा, राजेश यादव सभी सुरेंद्र कुमार पटेल के नेतृत्व में अपने अधिकारियों के सहयोग से तैयारी करवा रहे हैं यह पूरी तरह से स्वपहल का हिस्सा है। इसके लिए लिंक के माध्यम से प्रश्न पत्र आदि सभी मटेरियल वीरेंद्र चौधरी शिक्षक प्राथमिक शाला बसना जिला महासमुंद के द्वारा दिए जा रहे हैं।

#### इन्होंने किया परीक्षा का आयोजन

नंदकुमार, ओम प्रकाश साहू, रोमन साहू, भुवन साहू, केवरा सेन किशोर सिन्हा, प्रकाश साहू अंजुम खान, राजेश यादव , चोवाराम साहू, घनश्याम साहू, जोगीराम वर्मा, योगेंद्र देवांगन, कामता दास, मयंक राजपूत, चंपा साहू, पूजा वर्मा कमलेश कुमार नेताम, मारकंडे, सागरिका यादव, भूषण लाल, उत्तम साहू, प्रफुल्ल वर्मा,सूरज कुमार देवांगन, संगीता चतुर्वेदी, गायत्री परगनिहा, हेमचंद्र भेंसले , ललित परगनिहा आदि स्कूलों ने केंद्र बनाकर इस परीक्षा का आयोजन किया।



### नवोदय माक टेस्ट में 179 छात्र-छात्राएं शामिल हुए



**साजा।** रविवार को शासकीय हाई स्कूल परसबोड संकुल परसबोड़ विकास खंड साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ में कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी के लिए नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं के लिए 161 छात्र-छात्राएं एवं कक्षा नवमी के लिए 18 छात्र-छात्राएं नवोदय माक टेस्ट में भाग लिये कुल 179 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस मार्क्स टेस्ट का आयोजन श्री कल्याण दास बंजारे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला जगन्नाथपुर, आशा बंजारे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला परसबोड़ द्वारा किया गया एवं सहयोगी शिक्षक मुकेश कुमार चेलक शासकीय प्राथमिक शाला माटरा , अतिथि शिक्षक श्रीअजय कुमार निर्मलकर शासकीय हाई स्कूल परसबोड़, अतिथि शिक्षक गंगोत्री गोयल शासकीय प्राथमिक शाला जगन्नाथपुर, रोहित कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला बेरला, मुकेश राजपूत शासकीय प्राथमिक शाला साजन, हेमंत साहू एवं विशेष सहयोग संकुल परसबोड़ प्राचार्य ईश्वर लाल साहू सर का रहा।



### नवागढ़ में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के मॉक टेस्ट में 217 बच्चों ने लिया भाग

**बेमेतरा।** लक्ष्य टीम छत्तीसगढ़ ने 12 जनवरी को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में छठवां नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें नवागढ़ विकासखंड के अलावा अन्य विकासखंड के बच्चे भी शामिल हुए। जिसमें 217 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस टेस्ट का आयोजन शेरसिंह राजपूत प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला चकलाकुंडा नवागढ़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

विशेष सहयोगी शिक्षक के रूप में कुमार वर्मा अतरगवां, शांत कुमार पटेल लालपुर , सुरेंद्र राम साहू डंगनिया, सपना श्रीवास्तव प्रधान पाठक बाघुल, साधना साहू प्रधान पाठक समेसर,सुखेंद्र ठाकुर नेऊर, इंद्रजीत साहू प्रधान पाठक घठोली, परमेश्वर प्रसाद साहू जी प्रधान पाठक मुरता, कामती ठाकुर प्रधान पाठिका सिवनी, शिवकुमार ध्रुव प्रधान पाठक नांदल, ओमन भास्कर प्रधान पाठक, शिव साहू प्रधान पाठक चरघट बेमेतरा, सुशीला बर्मन सहायक शिक्षिका, अशोक कुमार वर्मा प्रधान पाठक नेऊर अश्वनी वर्मा कन्या नवागढ़ साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ का स्टाफ रहा। साथ ही साथ सभी बच्चों,अभिभावकों और भी अन्य शिक्षक शिक्षिका साथियों का सहयोग रहा। बच्चों और पालकों की उत्साह जिज्ञासा हमें कार्य करने को प्रेरित करता है। जिसमें बच्चे शामिल होकर परीक्षा के भय को दूर कर,समय प्रबंधन की समझ, प्रश्न के पैटर्न की समझ विकसित कर अपनी तैयारी को जांचने परखने का अवसर मिला। इस तरह से 18 जनवरी को होने वाले नवोदय विद्यालय की मुख्य परीक्षा की अच्छी सी तैयारी करके सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

# दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अमले ने वाहनों में रेडियम लगाये ओर यातायात नियमों का पालन किए जाने पर जोर दिए।

यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक दौलत वर्मा, आर. राजेश राजपूत, पारसमणी साहू एवं अन्य स्टाफ ने चारपहिया एवं दोपहिया वाहनो में रेडियम लगाते हुए वाहन चालको से रात्रि में अपर - डीपर व पार्किंग लाईट उपयोग करने के साथ- साथ ट्रेफिक सिंग्नल का पालन किए जाने की जहां समझाइश दी वही मोटर सायकल चालकों से हमेशा हेलमेट धारण करने, दोपहिया वाहन पर 03 सवारी न बैठाने, हमेशा अपने लेन (साईड) पर ही चलने, दायें या बायें मुड़ते समय इन्डीगेटर का प्रयोग करने, सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क के बायी ओर ही वाहन चलाने, ताकि सामने से आने वाले वाहन दायीं तरफ सरलता से जा सके, बीच सडक पर वाहन खडी न करने तथा हाइवें पर वाहनो की रफतार धीमी रखने, गाड़ी चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने की बात कहते हुए बताया कि पुलिस आपकी सहायता के लिये है उसे सहयोग प्रदान करें। मानव जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ न गवायें और यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरक्षित करें की अपील की गई।



# शिक्षा के साथ मातृशक्ति को सम्मान देने संस्कार सिखाने की भी पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

सरस्वती शिशु मंदिर राहुद में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्या अध्यनरत छात्र- छात्राओं ने का सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, श्लोक वाचन आदि का प्रदर्शन किया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण महिलाओं का खेल प्रतियोगिता के रूप में मटका फोड़, मोमबत्ती जलाओ, गुब्बारा फुलाव, पिरामिड, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ आदि स्पर्धा हुई। इस अवसर पर संस्थान प्रभारी के रूप में विद्या भारती के पदाधिकारी केशव राम साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर मातृशक्ति को सम्मान देने के लिए संस्कार सिखाने की पाठशाला है। यहां योग विज्ञान, नैतिक शिक्षा, महापुरुषों का इतिहास, पर्यावरण, साफ सफाई आदि की शिक्षा दी जाती है। जिस प्रकार कोई भी अक्षर ऐसा नहीं जिससे मंत्र नहीं बनता हो, कोई भी वनस्पति ऐसी नहीं जिससे औषधि नहीं बनती हो, उसी प्रकार कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है, उसे योजनापूर्वक संस्कार देने की आवश्यकता है।

# गंगा मैया मंदिर प्रांगण झलमला में लगाया गया रक्तदान शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गंगा मैया मंदिर प्रांगण झलमला में जगतगुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान जिला रत्नागिरी महाराष्ट्र द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिले के आम जनमानस से जुड़े हुए लोग रक्तदान शिविर का हिस्सा बने। संस्थान द्वारा जितने भी लोग रक्तदान कर रहे हैं उनको प्रमाण पत्र वितरण किया जा रहा है। इनके परामर्शदाता द्वारा बताया की लगभग 100 से अधिक आमजन रक्तदान का हिस्सा बने। इन सभी रक्तदाताओं के लिए फल, नाश्ते एवं भोजन की भी व्यवस्थाएं की गई। संस्था से जुड़े हुए लोगों में बालोद जिला के जिला निरीक्षक मेघनाथ निबुधे, जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर साहू, पीठ युवा प्रमुख सुषमा साहू, जिला सचिव अनूप साहू, ब्लड कैम्प प्रमुख भूपेश निषाद, रेड क्रॉस से डॉ. देवेंद्र एवं उनकी पूरी टीम और सभी तहसील एवं ब्लाक के प्रमुख लोग इस शिविर का हिस्सा बने।

### पीएम स्वनिधि योजना बनी वरदान बदल रही पथ विक्रताओं की जिंदगी

**डौंडीलोहारा।** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका को ध्यान में रखते हुए एक जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की गई है। नगरीय क्षेत्र में पथ विक्रेताओं को जो स्वयं के व्यवसाय को आगे बढ़ना चाहते हैं ऋण दिया जाता है। प्रथम ऋण के रूप में 10000 द्वितीय ऋण के रूप में 20000 एवं तृतीय ऋण 50000 रूपये का प्रावधान है। डौण्डीलोहारा निवासी संगम कुमार बाम्बेश्वर ने बताया कि बाजार में आलू प्याज व अन्य सामान ठेला लगा कर व्यवसाय कर रहा है। परन्तु लॉकडाउन के समय उनका व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया था। फिर प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अंतर्गत 10000 रूपये ऋण लेकर अपने व्यवसाय को फिर से चालू किया जिससे आमदानी में वृद्धि हुई है। अपने परिवार के साथ खुशहाल जिन्दगी व्यतीत कर रहे है। उक्त योजना आरंभ करने के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का उसने आभार व्यक्त किया है।



### विधायक रिकेश ने बंशीलाल भारद्वाज स्कूल को दिया टीवी...




**बालोद।** विधायक वैशाली नगर भिलाई रिकेश सेन एवं उनकी पत्नी द्वारा बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह बालोद के लिए 43 इंच का 1 टीवी सेट प्रदान किया है। विधायक रिकेश सेन ने इसकी घोषणा बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार व शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह के वार्षिकोत्सव समारोह में की थी। इस अवसर पर शाला समिति के प्रमुख पदाधिकारी ईश्वर लाल साहू, रोम लाल यादव, रोहित भारद्वाज, माया भारद्वाज, किशन कुमार विशेष रुप से आमंत्रित थे। समारोह का संचालन डा. साधुराम भारद्वाज ने किया।

### मानसगान सम्मेलन में पूर्व सीएम बघेल व विधायक कुंवर सिंह शामिल हुए

# छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम और रामायण के प्रति अगाध श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

ग्राम किलेपार व तवेरा में 10 व 11 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय स्वर मानसगान सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। जहां ग्रामीणो ने पुर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम और रामायण के प्रति श्रद्धा अगाध है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद भगवान श्रीराम से जुड़े प्रतीकों का सांस्कृतिक पहचान के तौर पर प्रोत्साहन बढ़ा है। भांचा श्री राम के प्रति लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस सरकार ने राम वन गमन पथ परियोजना लेकर आई। छत्तीसगढ़ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन और मानसगान के जरिए आराध्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे आयोजन ही हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को हमारी गौरवशाली परम्पराओं से अवगत कराते हैं।





कार्यक्रम में सोनादेवी शलहरा अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सुचित्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही भोजराज साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देविका बंजारे, जनपद सदस्य डॉ नारायण साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, केके राजू चंद्राकर, सलीम खान, आलोक चंद्राकर, मोंटू चंद्राकर, तरुण पारकर, संजय बारले, मानसिंह देशलहरा, तामेश्वर देशमुख, रवि तिवारी, गुलशन चंद्राकर, लिखन साहू, शिव कुमार साहू, पवन यादव, यशवंत साहू, डिलेशवर साहू, शत्रुहन साहू, पंचु राम साहू, परमानंद साहू, शारदा साहू, प्रदीप साहू व आयोजक समिति के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

28 फरवरी से 11 मार्च 2025, 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025, 09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)

Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करेंः-7354-411411